एक नजर में

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक होगी कल

**बड़वानी।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक सोमवार को आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय कुमार जैन ने बताया कि 6 जुलाई सुबह 11.30 बजे पेंशनर भवन सुखविलास स्थित कार्यालय में बैठक रखी गई है। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें कार्डियक सम्बंधित सारी जाचें की जाएगी। जिसका शुल्क मात्र 200 रुपए में रखा गया है। जैन ने बताया कि बैठक में एएसपी पद्मविलोचन शुक्ला के शामिल होने का आश्वासन मिला है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक भी कार्यक्रम में शामिल होकर बैंक सम्बंधित जानकारी देंगे। पेंशनर साथियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो।

## प्रोफेशनल स्तर का केक बनाकर तुष्टि बैरागी प्रथम

**बड़वानी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कॅरियर सेल की पूर्व सक्रिय कार्यकर्ता एवं कुकिंग विशेषज्ञ स्व जयश्री जोशी की स्मृति में शुक्रवार को कुकिंग प्रतियोगिता एवं व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पाक-कला के प्रति रुचि विकसित करना, उनकी सृजनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करना तथा यह संदेश देना था कि कुकिंग केवल घरेलू कार्य नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और रोजगार का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। कार्यक्रम का शुभारम्भ शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ इंदु डावर ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने स्व जयश्री जोशी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रतियोगिता का समन्वय छात्राएं जिया खान एवं नेहा यादव ने किया। प्रतियोगिता में छात्रा तुष्टि बैरागी ने अत्यंत आकर्षक, कलात्मक एवं प्रोफेशनल स्तर का स्वादिष्ट केक तैयार कर निर्णायकों और उपस्थित दर्शकों को प्रभावित किया। उत्कृष्ट स्वाद, संतुलित सजावट, आकर्षक प्रस्तुति और गुणवत्ता के आधार पर उन्हें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान पर छात्रा विधी सोलंकी रही, जिन्होंने कुरकुरे एवं स्वादिष्ट समोसे तैयार किए। वहीं अर्नी गुप्ता ने ताजगी से भरपूर नींबू शिकंजी तैयार कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डॉ मधुसूदन चौबे ने कहा कि आज के समय में कुकिंग केवल भोजन बनाने की कला नहीं रह गई है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आयाम और रोजगार का सशक्त माध्यम बन चुकी है। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का वातावरण निर्मित किया। इस दौरान आरती धनगर, हंसा धनगर, भोलू बामनिया, जोया खान, सुखदेव डावर तथा सलीना का भी सहयोग रहा।

# एक दिन के नवजात की बुखार के बाद मौत

**निवाली, ( नवभारत )।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन के नवजात शिशु की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। घटना के बाद परिजनों द्वारा अस्पताल परिसर में एकत्र होकर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने लगे। इस दौरान हंगामा हुआ।

वहीं सीबीएमओ 333 डॉ मुकेश डांगी ने बताया कि गुरुवार को रवीना ने बच्चे को जन्म दिया था और जन्म के बाद उसका टीकाकरण भी किया गया था। उन्होंने कहा कि रात 9 बजे से सुबह 4.30 बजे तक जननी वार्ड में सात प्रसव कराए गए तथा ड्यूटी डॉक्टर भी अस्पताल में मौजूद थे।

उनके अनुसार बच्चे की तबीयत बिगड़ने की सूचना परिजनों द्वारा अस्पताल स्टॉफ या ड्यूटी डॉक्टर को नहीं दी। सीएमएचओ कार्यालय द्वारा निवाली स्वास्थ्य केंद्र जननी वार्ड कर्मचारी सीमा प्रसाद नर्सिंग ऑफिसर, मंजू मुजाल्दे एएनएम को जिला अस्पताल बड़वानी अटैज किया गया एवं एक जांच दल निवाली भेजा गया। जिसमें जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अतुल राठौर, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ लक्ष्मण अवास्या, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ निलम कतिया निवाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पहुंचे और जांच की। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को जांच रिपोर्ट सौंपेंगे।

### नियमित टीकाकरण किया गया

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह गर्भवती महिला रवीना पति मोहन बरडे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जननी वार्ड में बच्चे को जन्म दिया। जन्म के बाद नवजात का नियमित टीकाकरण किया गया।

### परिजनों ने की मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

परिजनों का आरोप है कि रात में बच्चे को बुखार आने पर उन्होंने जननी वार्ड में मौजूद स्टॉफ को इसकी जानकारी दी, लेकिन समय पर कोई उपचार नहीं किया गया। शुक्रवार सुबह बच्चे के पिता मोहन ने जब नवजात की स्थिति देखी तो तत्काल अस्पताल स्टॉफ को बुलाया। स्टॉफ ने बच्चे को ऑक्सीजन दी, लेकिन शरीर में कोई हलचल नहीं होने पर जांच की गई। जिसमें नवजात को मृत घोषित कर दिया गया। घटना से आक्रोशित स्वजनों ने अस्पताल परिसर में विरोध जताते हुए अस्पताल स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाया तथा ज्ञापन सौंपकर संबंधित कर्मचारियों को हटाने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

# साइबर जागरूकता कार्यक्रम

**बड़वानी, ( नवभारत )।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित सेफक्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान अंतर्गत एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खेतिया सुरेन्द्र कनेश द्वारा नगर परिषद में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### उपायों तथा सुरक्षा की दी जानकारी

कार्यक्रम में नगर परिषद के सीएमओ ईश्वर महाले, अशोक सिंदे, जितु बागुल, काशीनाथ चौधरी सहित नगर परिषद का अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराधों के तरीकों, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों तथा डिजिटल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

### यहां करें शिकायत

यदि कोई व्यक्ति साइबर वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है, तो वह घबराए नहीं, बल्कि घटना के तुरंत बाद गोल्डन ऑवर के भीतर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। साथ ही निकटतम पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### पुलिस ने आमजनों से की अपील

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर अपराधियों के झांसे में आने से बचें, किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या ऑनलाइन ऑफर पर बिना सत्यापन विश्वास न करें।

# चार मेधावी छात्राओं का किया सम्मान

▸ एसपी ने छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र देकर किया उत्साहवर्धन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड द्वारा संचालित ग्रामीण विद्या स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने जिले की 4 मेधावी छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। चयनित छात्रा को 10000 की छात्रवृत्ति राशि दी गई। इस वर्ष प्रियंका, सूरज, जाह्नवी एवं राजश्री का चयन किया गया।

एएसपी धीरज बब्बर ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी छात्रवृत्ति योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उनके सपनों को नई उड़ान देती हैं। कार्यक्रम में क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड के एरिया मैनेजर ठाकुर एवं शाखा प्रबंधक जितेंद्र सिंह मेवाड़ा ने जानकारी दी।

इस अवसर पर छात्राओं के अभिभावक, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पुलिस ने अधीक्षक ने दिया संदेश

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समय पर प्रोत्साहन और सहयोग मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

एक नजर में

## आलीराजपुर में 24 घंटे में 7 .6 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले में बीते 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 7.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार आलीराजपुर में 6.8 मि.मि ,जोबट में 16.3 मि.मि ,उदयग? में 19.4 मि.मि, च. शे. आ. नगर में 0.0 मि.मि, कट्ठीवाड़ा में 3.0 मि.मि , सोण्डवा में 0.4 मि.मि कुल 45.9 मि.मि वर्षा हुई। जिले में 01 जून से 04 जुलाई तक 43.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के आलीराजपुर में 8 .8 मि.मि, जोबट में 67.5 मि.मि, उदयगढ़ में 93.9 मि.मि ,च. शे. आ. नगर में 45.6 मि.मि, कट्ठीवाड़ा में 43.0 मि.मि, सोण्डवा में 1.4 मि.मि कुल 260.2 मि.मी दर्ज की गई ।गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 423.3 मिलीमीटर थी। उक्त जानकारी अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी ।

## एलपीएल का उद्घाटन मुकाबला एसएससी कोलंबो में

**इंदौर .** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2026 की शुरुआत बेहद शानदार अंदाज में होने जा रही है. टूर्नामेंट के इवेंट राइट्स होल्डर आईपीजी ग्रुप ने एसएससी कोलंबो में आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह के लिए 500 ड्रोन शो की योजना बनाई है. एलपीएल 2026 के टिकट 1 जुलाई से बुकमायशो पर उपलब्ध होंगे. उद्घाटन समारोह की योजना पर आईपीजी के संस्थापक और चेयरमैन अनिल मोहन ने कहा, लंका प्रीमियर लीग केवल क्रिकेट नहीं है, बल्कि ऐसा अनुभव तैयार करना है जिसे प्रशंसक हमेशा याद रखें. इस वर्ष हम एलपीएल 2026 की शुरुआत ऐसे भव्य आयोजन से करना चाहते हैं, जो टूर्नामेंट की ऊर्जा, महत्वाकांक्षा और विकास को दर्शाए. 500 ड्रोन शो श्रीलंका में एक वैश्विक खेल आयोजन जैसा माहौल बनाएगा और प्रशंसकों को उद्घाटन रात का हिस्सा बनने का एक मजबूत कारण देगा. लंका प्रीमियर लीग के निदेशक सामंथा डोडनवेला ने कहा एसएससी कोलंबो में एलपीएल का पहला मैच टूर्नामेंट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है और प्रस्तावित 500 ड्रोन शो उद्घाटन रात को प्रशंसकों के लिए और भी यादगार बना देगा.

## एमेजॉन ने सेम डे डिलीवरी स्पीड को दोगुना किया

**इंदौर .** एमेज़ॉन इंडिया ने मध्य प्रदेश में अपने एक्सपैंडेड ऑपरेशंस नेटवर्क के प्रभाव के बारे में बताया. यहाँ कंपनी का पहला फुलफिलमेंट सेंटर (एफसी) अप्रैल 2025 में लॉन्च किया गया था. डकाच्या में स्थित इस फुलफिलमेंट सेंटर में 1 .7 लाख क्यूबिक फीट की स्टोरेज क्षमता है. एमेज़ॉन ने 2025 में मध्य प्रदेश में 15 नए डिलीवरी स्टेशन शुरू करके अपने नेटवर्क को मजबूत बनाया था, जिसके बाद राज्य में कंपनी का लास्ट माईल डिलीवरी नेटवर्क 110 से अधिक डिलीवरी स्टेशनों तक पहुँच गया. इसके साथ भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, और उज्जैन जैसे शहरों में 110 से अधिक डिलीवरी स्टेशन हैं. इस लोकल इन्फ्रास्ट्रक्चर ने सेम या नैक्स्ट डे डिलीवरी स्पीड को दो गुना तक बढ़ा दिया है. करन चुग, डायरेक्टर, ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया ने कहा एमेज़ॉन में हम ग्राहकों और सेलर्स के करीब रहने पर ध्यान केंद्रित करते हैं ताकि हम उन्हें ज्यादा तेज और विश्वसनीय सेवाएं दे सकें। मध्य प्रदेश में हमारी प्रगति देश के लिए हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है.

## बीएएसएफ ने मेलायरा और इन्वेरिस टीएम गोल्ड लॉन्च किया

**इंदौर .** बीएएसएफ एग्रीकल्चर सॉल्यूशंस ने आज मेलायरा टीएम फफूंदनाशक और इन्वेरिस टीएम गोल्ड कीटनाशक लॉन्च करने की घोषणा की। ये दो नए फसल सुरक्षा समाधान भारतीय किसानों को बीमारियों और कीटों का अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने में मदद करने और फसल उत्पादकता में सुधार करने के लिए के लिए बनाए गए हैं. गिरिधर रनुवा, डायरेक्टर, बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस इंडिया, ने कहा बीएएसएफ मेलायरा और इन्वेरिस गोल्ड के साथ, हम भारत में अपने फसल सुरक्षा पोर्टफोलियो का विस्तार स्थानीय कृषि संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए गए समाधानों के साथ कर रहे हैं। ये नवाचार अनुसंधान और विकास में हमारे निरंतर निवेश को दर्शाते हैं, ताकि किसानों को अधिक टिकाऊ तरीके से प्रतिरोध का प्रबंधन करने, कीटों और बीमारियों के दबाव से निपटने और उत्पादकता में सुधार करने में मदद मिल सके.

# नि :शुल्क वेलनेस सेक्टर चिकित्सा शिविर

### *श्रद्धालुओं को मिल रही स्वास्थ्य संबंधी सलाह*

इंदौर. परदेशीपुरा स्थित मां कनकेश्वरी देवी मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा का भी आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में नई सोच नई दिशा वेलनेस सेक्टर के माध्यम से वैकल्पिक चिकित्सा एवं वेलनेस परामर्श शिविर लगाया गया है, जहां आने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न शारीरिक समस्याओं के संबंध में जानकारी और परामर्श दिया जा रहा है. शिविर में दी गई जानकारी अनुसार, कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, जोड़ों की समस्या, माइग्रेन, तनाव, अनिद्रा, एसिडिटी, कब्ज और अन्य समस्याओं के लिए आर्थोक्युलर, मर्म, क्वांटम हीलिंग और पेंडुलम डाउजिंग जैसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी दी जा रही है. साथ ही इच्छुक लोगों से पहले मोबाइल पर संपर्क कर आने का आग्रह भी किया गया है. मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि धार्मिक वातावरण के साथ स्वास्थ्य जागरूकता भी समाज के लिए महत्वपूर्ण है. इसी उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि श्रद्धालु आध्यात्मिक लाभ के साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्राप्त कर सकें.

## एमजी मोटर ने दर्ज की सबसे अधिक होलसेल बिक्री

**इंदौर .** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने जून 2026 में अब तक का बेहतरीन थोक बिक्री प्रदर्शन दर्ज किया है. जून 2025 की तुलना में जून 2026 में 30% साल-दर-साल वृद्धि के साथ, कार निर्माता ने इस महीने 7,568 यूनिट्स सेल किए हैं. यह दमदार प्रदर्शन जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के विविध प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की शानदार स्वीकार्यता को दिखाता है, जिसमें इंटरनल कंबशन इंजन और न्यू एनर्जी व्हीकल दोनों मॉडल शामिल हैं. जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक अनुराग मेहरोत्रा का कहना है हमारा जून का प्रदर्शन पूरे पोर्टफोलियो में स्थिर मांग को दर्शाता है.

# आलीराजपुर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा 19 को

▸ श्रद्धा और उत्साह से भक्तिमय होगा नगर

**आलीराजपुर। भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा 19 जुलाई को नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली जाएगी। शुभारंभ दोपहर 3 बजे लक्ष्मी नृसिंह मंदिर, नीम चौक से होगा। आयोजन श्रीवत्सपीठाधीश्वर स्वामी वेंकटेशाचार्य महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।**

मीडिया प्रभारी कृष्णकांत बेड़िया ने बताया कि 2009 से शुरू हुआ आयोजन18वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आयोजन का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देना है। नगरभर में स्वागत द्वार, बैनर, पोस्टर एवं आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी। यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा और जलपान के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। 18 जुलाई शाम 5 बजे स्वामी वेंकटेशाचार्य महाराज का नगर आगमन होगा।

### रामदेव मंदिर से निकलेगी वाहन रैली, शाम को भजन संध्या

रामदेव मंदिर चौराहे से वाहन रैली निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लक्ष्मी नृसिंह मंदिर पहुंचेगी। शाम 7 बजे पुष्प बंगले के दर्शन होंगे। रात 8 बजे इंदौर के भजन गायक व्यंकट लाहोटी की भजन संध्या आयोजित होगी। इसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। रथयात्रा नीम चौक से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस चौराहा, रामदेव मंदिर मार्ग, वाणी मोहल्ला, एमजी रोड, हाटगली, टॉकीज चौराहा, एसबीआई कॉर्नर, रणछोड़राय मंदिर एवं बस स्टैंड होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंचेगी। यहां महाआरती, धर्मसभा और स्वामी वेंकटेशाचार्य महाराज के आशीर्वचन के बाद महाप्रसादी का वितरण होगा। तैयारियों को लेकर हुई बैठक- रथयात्रा की तैयारियों को लेकर लक्ष्मी नृसिंह मंदिर परिसर में सर्व हिन्दू समाज की बैठक हुई। संचालन धर्मेन्द्र सोमानी और मोन्टू नंगवाड़िया ने किया। मितेश बेड़िया, अजय शर्मा, दीपक गुप्ता, महेन्द्र टवली, जयन्तीलाल सराफ, अरुण गेहलोत, उमेश वर्मा, गिरीराज मोदी, नारायण सोमानी, संजय मांझी, चिराग थेपड़िया, माधव गुप्ता, नितीन कोठारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

एक नजर में ▸ एआई और आईओटी तकनीक से कचरा, सीवरेज और जल प्रबंधन पर दो साल तक होगा संयुक्त शोध : महापौर

# आईआईएम और निगम बनाएंगे स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में अब स्वच्छता व्यवस्था को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों से और ज्यादा मजबूत बनाया जाएगा. नगर निगम और भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर मिलकर अगले दो वर्षों तक जल, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग करेंगे. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एमआईसी ने उक्त प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है.**

तकनीक के साथ स्वच्छता का अगला अध्याय लिखने की तैयारी कर रहा है इंदौर. इसको लेकर नगर निगम और आईआईएम के बीच तकनीकी समझौता किया जा रहा है. इससे शहर में आईआईएम के साथ मिलकर नगर निगम स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल बनाएगा. 8 जून 2026 को मेयर काउंसिल बैठक में स्कोप ऑफ वर्क के तहत आईआईएम इंदौर का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और नगर निगम चरणबद्ध तरीके से शहर की स्वच्छता व्यवस्था का वैज्ञानिक अध्ययन करेंगे. साथ ही शहर के स्वच्छता मॉडल को तकनीक आधारित, अधिक प्रभावी बनाकर विकसित करना है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर ने स्वच्छता में लगातार देश का नेतृत्व किया है. अब हमारा लक्ष्य तकनीक, रिसर्च और इनोवेशन के जरिए इस मॉडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है. आईआईएम इंदौर के साथ यह साझेदारी एआई आधारित स्मार्ट समाधान विकसित करेगी.

### तीन चरणों में विकसित होगा तकनीक आधारित मॉडल

- पहले चरण में अगस्त से दिसंबर तक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का वैज्ञानिक मूल्यांकन, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और परिवहन कार्यक्षमता और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन : उपयोग का आकलन.
- दूसरे चरण में सितंबर से मार्च तक सार्वजनिक शौचालयों संचालन हेतु वित्तीय मॉडल, आईओटी आधारित सीवरेज मॉनिटरिंग सिस्टम का परीक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन का नई तकनीक से डेटाबेस बनाना.
- तीसरे चरण में अप्रैल से सितंबर तक एआई आधारित पूर्वानुमान और निर्णय सहायता प्रणाली विकसित कर अध्ययन द्वारा जल, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन की बेहतर योजना बनाना है.

# रपट में बहे युवक का शव दो दिन बाद सिरपुर तालाब के पास मिला

नव भारत न्यूज

**इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अहीरखेड़ी में बुधवार शाम बारिश के दौरान अहीरखेड़ी में रपट पार करते समय तेज बहाव में बहे युवक का शव शुक्रवार सुबह सिरपुर तालाब के पास से बरामद हुआ. युवक दो दिन पहले अपने दोस्त के साथ बाइक से रपट पार कर रहा था. हादसे में उसका साथी तो किसी तरह बच निकला था, लेकिन वह पानी के तेज बहाव में बह गया था.**

ज्ञात हो कि बुधवार की शाम 27 वर्षीय महेश पिता श्रवण चौहान, निवासी अहीरखेड़ी कांकड़, अपने दोस्त मनीष के साथ रपट पार कर रहा था, इसी दौरान दोनों तेज बहाव की चपेट में आ गए. मनीष तो जैसे-तैसे सुरक्षित बाहर निकल आया, जबकि महेश बह गया था. सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीईआरएफ और स्थानीय बचाव दल ने रात से ही तलाश शुरू कर दी थी. गुरुवार को पूरे दिन सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली. शक्रवार सुबह सिरपुर तालाब के पास महेश का शव बरामद हुआ.

मामले में द्वारकापुरी थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद से लगातार पुलिस और रेस्क्यू टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा था. शुक्रवार सुबह सिरपुर तालाब के पास युवक का शव बरामद कर लिया गया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.